# कार्यालय नजारत जनपद न्यायालय, देवरिया।

## विज्ञप्ति

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि जनपद देवरिया में निर्माणाधीन 12 टाईप–पांच के न्यायिक आवासीय परिसर एवं जनपद न्यायालय देवरिया के मुख्य द्वार पर स्थित पेड़ की नीलामी दिनांक 05.03.2020 को सांय 04:30 बजे न्यायालय परिसर स्थित दस कक्षीय भवन के सभागार में नीलामी समिति के समक्ष सम्पन्न की जायेगी।

## वृक्षों का विवरण

| कम सं0 | वृक्षों का स्थल | वृक्षों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | जनपद न्यायालय देवरिया के मुख्य द्वार | पाकड़ – 1 अदद |
| 2 | निर्माणाधीन 12 नग टाईप–पांच के आवासीय परिसर में, निकट कार्यालय पुलिस अधीक्षक, देवरिया। | युकेलिप्टस– 2 अदद<br>जामुन– 1 अदद<br>सीरस– 1 अदद |

**नीलामी की शर्तें:–**

1. नीलामी की न्यूनतम बोली वानिकी प्रभाग देवरिया द्वारा मूल्यांकित दर से प्रारम्भ की जायेगी।
2. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति द्वारा जमानत की धनराशि के रूप में मु0 4000/–रू0 जमा करना होगा।
3. नीलामी संतोषजनक सम्पन्न होने पर अंतिम बोलीकर्ता को सम्पूर्ण धनराशि तत्तकाल जमा करना होगा।
4. अंतिम बोलीकर्ता द्वारा नीलामी धनराशि तत्काल जमा न करने की दशा में जमानत की धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा द्वितीय बोलीकर्ता को वरीयता दी जायेगी। इसी प्रकार यदि द्वितीय बोलीकर्ता विफल हो जाता है तो उसकी जमानत की धनराशि जब्त कर तृतीय बोलीकर्ता को वरीयता दी जायेगी। उपरोक्तानुसार अग्रेतर प्रकिया अमल में लाई जायेगी।
5. नीलामी स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश देवरिया के पास सुरक्षित है।
6. केता द्वारा वृक्षों का पातन/ढुलान हेतु वानिकी प्रभाग देवरिया से अनुज्ञा पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा, बिना अनुज्ञा पत्र प्राप्त किये पातन/ढुलान की कार्यवाही नहीं की जा सकेगी।

(अनिरुद्ध कुमार तिवारी)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय,कक्ष सं0–1
देवरिया।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रभारी अधिकारी नज़ारत जनपद न्यायालय देवरिया को सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा हेतु।
2. सहायक सूचना निदेशक देवरिया को समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ।
3. सिस्टम आफिसर/सिस्टम असिस्टेंट को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं जनपद न्यायालय देवरिया के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

A.K.T. 21/2/2020

(अनिरुद्ध कुमार तिवारी)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय,कक्ष सं0–1
देवरिया।